लाख के बीच रखी गई थी लेकिन ... फ्लैट आवंटित हुआ था।

# डिफेंस कॉरिडोर के लिए 25 जून तक लेंगे जमीन

लखनऊ | **मुख्य संवाददाता**

**19** जून तक ग्राम सभा की जमीनों का पुनर्ग्रहण होगा

**67** हेक्टयर जमीन भटगांव की कॉरिडोर में शामिल की जाएगी

डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में मंगलवार को डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहित करने, आपसी सहमति पर लेने या शासकीय भूमि के पुनर्ग्रहण के लिए समय सीमा तय कर दी गई है। आपसी सहमति से निजी जमीनें 25 जून तक खरीदी जाएंगी। वहीं ग्राम सभा की जमीनों का पुनर्ग्रहण 19 तक पूरा किया जाएगा।

डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि यूपीडा की ओर से डिफेंस कॉरिडोर के लिए सरोजनीनगर के भटगांव में जमीन प्रस्तावित की गई है। पहले चरण में भटगांव की 67.291 हेक्टेयर जमीन कॉरिडोर में शामिल की जाएगी। इसमें 13.513 हेक्टेयर ग्राम सभा और 53.778 निजी भूमि शामिल है। दूसरे चरण में 81 हेक्टेयर जमीन ली जाएगी। इसमें 23 हेक्टेयर ग्राम सभा और 58 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल है।

डीएम ने बताया कि दूसरे चरण के लिए एसडीएम सरोजनीनगर को 22 जून तक प्रस्ताव तैयार करना है।